माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

पूरक परीक्षा 2026 हेतु कंट्रोल रूम एवं शाला प्रधानों/केन्द्राधीक्षकों बाबत सूचना

क्रमांकः सैल–8/पूरक 2026/ दिनांक :

वर्ष 2026 की बोर्ड पूरक परीक्षाएं दिनांक 14.05.2026 से 16.05.2026 तक निर्धारित केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। इस हेतु बोर्ड कार्यालय में दिनांक 11.05.2026 से कंट्रोल रूम प्रारम्भ किया जा रहा है जो परीक्षा समाप्ति दिनांक 16.05.2026 तक प्रातः 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक कार्यरत रहेगा। बोर्ड पूरक परीक्षा–2026 के सभी प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है, जिसे संबंधित शाला प्रधान पूर्व प्रदत्त आई.डी./पासवर्ड से डाऊनलोड कर प्रवेश पत्रों की हार्ड कॉपी निकालकर उसमें मुद्रित सभी प्रविष्टियों की भली भांति जांचकर प्रमाणीकरण पश्चात् संबंधित परीक्षार्थियों को वितरित करेंगे। नियमित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित शाला प्रधान तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र मुख्य परीक्षा के केन्द्राधीक्षक (जहां परीक्षार्थी ने शुल्क जमा कराया है,) डाऊनलोड कर सकेगें। पूरक परीक्षा–2026 के केन्द्राधीक्षक सूचित रहे कि उन्हें मुद्रित केन्द्र सामग्री बोर्ड द्वारा ऑनलाईन प्रेषित की जाएगी, उन्हें विद्यालय के आई.डी. पासवर्ड से केन्द्र सामग्री यथा उपस्थिति पत्रक, नामावली, विषयवार बैठक व्यवस्था तथा प्रश्न पत्र संख्यात्मक सारणी ऑनलाइन डाऊनलोड करके हार्डकापी मुद्रित कर परीक्षाओं की व्यवस्था करनी है। जो परीक्षार्थी पूरक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करा सके हैं, एवं पूरक परीक्षा में प्रविष्ट होना चाहते है तो नियमित परीक्षार्थी रू. 2100/– (600+1500) एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी रू. 2150/– (650+1500) का बैंक ड्राफ्ट विद्यालय अथवा पूरक परीक्षा के केन्द्र पर जमा करा कर परीक्षा में प्रविष्ट हो सकते हैं। विद्यालय ऐसे छात्रो से उपरोक्तानुसार शुल्क का बैंक ड्राफ्ट प्राप्त कर प्रवेश पत्र जारी करें एवं परीक्षा शुल्क का ड्राफ्ट सम्बन्धित पूरक परीक्षा केन्द्र पर जमा करावें तथा संबंधित केन्द्राधीक्षक ऐसे छात्रों को नियमानुसार प्रवेशाज्ञा प्रदान करें। शुल्क का बैंक ड्राफ्ट सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राज. अजमेर के नाम बनवाकर बोर्ड कार्यालय को अविलम्ब प्रेषित करें।

पूरक परीक्षा संबंधी किसी भी शिकायत/समस्या हेतु कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क करें। शिकायत के साथ अपना पता, टेलिफोन/मोबाईल नम्बर अवश्य नोट करावें। परीक्षार्थियों के पूरक नामांक तथा केन्द्र संबंधी समस्त जानकारी बोर्ड वेबसाईट https://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। बोर्ड कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है। Email ID ddexamfirst@gmail.com

सचिव